हम तो पहली बार देख रहे हैं, इतना कैसे बदल गया उज्जैन!

ई-रिक्शा में निकले भाजपाई, महाकुंभ से पहले बदल रही महाकाल की नगरी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल पर भ्रमण

उज्जैन। हमने पहली बार घरों से निकलकर इतने बड़े पैमाने पर चल रहे विकास कार्यों को अपनी आंखों से देखा है। भरोसा ही नहीं हो रहा कि यह वही उज्जैन है जो कभी विकास की राह देखता था। कुछ ऐसा ही उत्साह भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के चेहरों पर दिखाई दिया, जब वे शहर में चल रही महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का अवलोकन करने निकले।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उज्जैन नगर द्वारा गुरुवार को प्रगति पथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अनूठे नवाचार के तहत भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता ई-रिक्शा के माध्यम से शहर में चल रहे प्रमुख निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। फ्रीगंज समानांतर ब्रिज, निर्माणाधीन मेडिसिटी, यूनिटी मॉल, आईटी पार्क तथा 1250 दर्शक क्षमता वाले अत्याधुनिक ऑडिटोरियम सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का अवलोकन किया गया। मौके पर ही सभी परियोजनाओं की प्रगति, की विस्तृत जानकारी दी। भाजपा नेताओं ने कहा कि देश में बदलता भारत और मध्यप्रदेश में बदलता मध्यप्रदेश की तस्वीर अब उज्जैन में भी स्पष्ट दिखाई दे रही है। केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित विकास योजनाओं के कारण महाकाल की नगरी तेजी से आधुनिक अधोसंरचना, बेहतर सुविधाओं और सुनियोजित विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है।

परिवार सहित सबको जाना चाहिए, शहर को लगे विकास के पंख

नवभारत से चर्चा में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि आम जनता को भी अपने परिवार के साथ घरों से निकलकर शहर में हो रहे निर्माण और विकास कार्यों को देखना चाहिए। महाकुंभ की तैयारियों के तहत महाकाल की नगरी में लगभग 30 हजार करोड़ रुपये के विकास एवं अधोसंरचना कार्य संचालित हो रहे हैं। इन कार्यों को देखने के बाद सहज ही महसूस होता है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उज्जैन तेजी से बदल रहा है और नई पहचान गढ़ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मेडिसिटी परियोजना स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाई देगी, जबकि आईटी पार्क युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। यूनिटी मॉल स्थानीय और देशभर के उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराएगा तथा आधुनिक ऑडिटोरियम सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद उज्जैन शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा।

यह रहे निरीक्षणमें

कार्यक्रम में अनिल फिरोजिया, अनिल जैन कालूहेड़ा, रवि सोलंकी, मुकेश टटवाल, कलावती यादव, प्रभुलाल जाटवा, डॉ. राकेश पड्या, जगदीश पांचाल, आनंदसिंह खींची, कमल बैरवा, प्रमिला यादव, कल्याण शिवहरे, अशोक केथवास, दिनेश जाटवा, राजकुमार बंशीवाल, अनिल शिंदे, प्रियंका सेंगर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

महापौर ने सीवर लाइन शिफ्टिंग कार्य का किया निरीक्षण

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 के तहत श्रद्धालुओं की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए शहर में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य के साथ-साथ मार्ग चौड़ीकरण के कार्य भी चल रहे हैं। इसी के साथ रामघाट छोटी रपट पर भी पुलिया का निर्माण कार्य वर्तमान में प्रचलित है। जिसमें नगर निगम पीएचई विभाग द्वारा पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। उक्त कार्य का निरीक्षण गुरुवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा जल कार्य विभाग के प्रभारी प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में किया गया। पाइपलाइन शिफ्टिंग के अंतर्गत सीवर और वाटर सप्लाई की पाइपलाइन को छोटी रपट से शिफ्ट किया जाएगा। जिससे 800 एमएम डाया, 600 एमएम डाया एवं 300 एमएम डाया की पाइपलाइन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। वर्तमान में पाइपलाइन शिफ्टिंग हेतु स्टैंड बनने का कार्य पूर्णता की ओर है शीघ्र ही पाइपलाइन को शिफ्ट किया जाएगा। महापौर द्वारा निर्देशित किया कि समय से कार्य को पूर्ण करें।

चारभुजा नाथ मंदिर में सजी नागदमन काली घटा झांकी दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

- प्रतिदिन हजारों भक्त कर रहे दर्शन
- बंटा केसरिया भात और पेड़ा प्रसाद



उज्जैन। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथ मंदिर में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। नित्य प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं। इसी क्रम में मंदिर में नागदमन काली घटा उत्सव की मनमोहक झांकी सजाई गई, जिसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। मनोरथी परिवार के बीएल गुप्ता, संदीप गुप्ता निरंजन हेड़ा परिवार के मुखिया सहित संध्या हेड़ा, पीयूष हेड़ा ने आरती की। आरती के पश्चात संजय गुप्ता और निरंजन पीयूष हेड़ा की ओर से पेड़े का प्रसाद वितरित किया गया। वहीं, दिनेश डाढ़ के परिणय दिवस के अवसर पर दिनेश डाढ़, संदीप डाढ़ और प्रदीप श्रीलाल राठी द्वारा भगवान को केसरिया भात का विशेष भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद बांटा गया।

इन समाजजनों ने महाआरती

महाआरती में लक्ष्मीनारायण मूंदड़ा, कैलाश नारायण राठी, वीरेंद्र कुमार गट्टानी, दिनेश चंद्र डाढ़, नृसिंह देवपुरा, भूपेंद्र भूतड़ा, कैलाश चंद्र गगरानी, अर्जुन समदानी, सुनील कुमार लाहोटी, सुनील बांगड़, अरुण भूतड़ा, अतुल देवपुरा, सचिन बसेर, सत्यनारायण अगाल, संदीप भूतड़ा, प्रदीप आगीवाल, महेश चांडक, प्रकाश सोडानी, कल्पेश गट्टानी, मनसुखलाल झंवर, प्रकाश काबरा, लोकेंद्र भूतड़ा, कमल कोठारी और राम मंत्री शामिल हुए। साथ ही महिला श्रद्धालुओं में ऊषा झंवर, अलका भूतड़ा, विनीता भूतड़ा, आरती शर्मा, अनुराधा अगाल, रीता गट्टानी और पूर्णिमा परवाल ने भी सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

यात्रियों के भीड़ में सक्रिय बदमाश, 9 दिन में तीन वारदात

उज्जैन। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मो पर कुछ दिनों से बदमाशों को गिरोह सक्रिय दिखाई दे रहा है, जो महिला यात्रियों को निशाना बनाकर चेन-मंगलसूत्र उड़ा रहा है। 9 दिन में तीन वारदात सामने आ चुकी है लेकिन जीआरपी और आरपीएफ वारदात में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस का कहना है कि वारदात में महिला गिरोह शामिल है।

पिपलीनाका क्षेत्र की रहने वाली हेमलता कोठारी मंगलवार को रतलाम की यात्रा करने के लिये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 7 पर पहुंची थी। जहां साप्ताहिक ट्रेन हैदराबाद-जयपुर का इंतजार कर रही थी। इस दौरान काफी भीड़ थी, ट्रेन के आने पर महिला यात्री ने भीड़ में चढ़ने का प्रयास किया उसी दौरान उसके गले से 2 तोला वजनी सोने की चेन बदमाशों ने उड़ा दी। ट्रेन के रवाना होने के बाद आधे रास्ते में हेमलता कोठारी को चेन चोरी होने का पता चला। रतलाम पहुंचने के बाद वह वापस लौटी और जीआरपी थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई। पिछले 9 दिनों में महिला यात्रियों के साथ तीसरी वारदात होना सामने आई है। इससे पहले रविवार को प्लेटफार्म नम्बर 2 पर नागदा-इंदौर पैसेंजर में देवास जाने के लिये चढ़ने का प्रयास कर रही अश्विनी पति अंशुल शर्मा निवासी नागदा के गले से बदमाशों ने भीड़ का फायदा उठाकर मंगलसूत्र चोरी कर लिया था। यहीं नहीं 3 जून को प्लेटफार्म नम्बर 8 पर उज्जैन की रहने वाली सरिका पति संजय सोनी के साथ वारदात होना सामने आया था। सरिका दाहोद जाने के लिये प्लेटफार्म पर खड़ी थी उसी दौरान इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस आई। वह कोच नम्बर 5 के खड़ी थी इसी बीच यात्रियों की भीड़ में अज्ञात बदमाशों ने उसके गले से 72 हजार कीमत की चेन गले से गायब कर दी थी। 9 दिनों में जिस तरह से तीन वारदात होना सामने आई, उससे लग रहा है कि प्लेटफार्मो पर बदमाशों गिरोह सक्रिय है। मामले में जीआरपी का कहना है कि आरपीएफ की मदद से सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं वारदात में महिला गिरोह के शामिल होने की आशंका है।

एक नजर में

शहर के लिए यूडीए की अनूठी सौगात

उज्जैन। विकास प्राधिकरण ने शहरवासियों के लिए भूस्वामी अधिकार अंतर्गत व्यावसायिक एवं कार्यालयीन गतिविधियों के लिए बाबूलाल जैन वाणिज्यिक परिसर महानंदा नगर योजना में अलग दुकानों एवं ऑफिस, चेम्बर की निविदा निकाली गई है। उक्त वाणिज्यिक परिसर शहर के देवास रोड पर सर्किट हाउस के पास शासकीय पोलिटेक्निक कालेज के समीप स्थित है। उक्त वाणिज्यिक काम्पलेक्स का फ्रंट ऐलिवेशन एसीपी पेनल द्वारा डिजाईन किया गया है। परिसर में भूतल पर विभिन्न आकार की विभिन्न आरक्षण श्रेणियों की अग दुकानें, प्रथम तल पर विभिन्न आकार की विभिन्न आरक्षण श्रेणियों के अ आफिस चेम्बर तथा द्वितीय तल पर विभिन्न आकार की विभिन्न आरक्षण श्रेणियों के आफिस चेम्बर है। उक्त वाणिज्यिक परिसर के सामने सड़क होकर परिसर में अत्याधुनिक लिफ्ट की सुविधा है जो परिसर को बहुत आकर्षक बनाती है। उक्त योजना में दुकाने, आफिस चेम्बर आनलाईन पद्धति से पूर्ण पारदर्शिता के साथ विक्रय किये जाएंगे।

प्राइमाथन में एमआईटी के छात्र का चयन

उज्जैन। एमआईटी ग्रुप, उज्जैन के लिए यह गौरव का विषय है कि प्रतिष्ठित टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस कंपनी प्राइमाथन टेक्नोलॉजी ने हाल ही में संपन्न कैंपस इंटरव्यू प्रक्रिया के तहत बीटेक सीएस के प्रतिभाशाली छात्र भगवान सिंह राणा का चयन इंटर्नशिप एवं प्रदर्शन-आधारित प्री प्लेसमेंट ऑफर हेतु किया। एमआईटी ग्रुप, उज्जैन शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है, जो गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा एवं उद्योग-अनुकूल प्रशिक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। एमआईटी ग्रुप के अनुराग भदानिया ने बताया कि प्राइमाथन टेक्नोलॉजी आईआईटी व एनआईटी के विशेषज्ञों द्वारा संचालित, 300 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर वाली अग्रणी कंपनी है। उनकी 6 माह की इंटर्नशिप में 15,000 रुपये तक के मासिक स्टाइपेंड एवं प्रदर्शन के आधार पर 6 लाख तक के वार्षिक प्री प्लेसमेंट ऑफर का प्रावधान है। एमआईटी के निदेशक डॉ. मुकेश शुक्ल ने कहा कि यह चयन हमारे शैक्षणिक मानकों एवं छात्रों की तकनीकी क्षमता का प्रमाण है। एमआईटी ग्रुप के वॉईस चेयरमैन, आकाश वशिष्ठ ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्राइमाथन जैसी तेजी से बढ़ती कंपनी में चयन एमआईटी के सशक्त प्लेसमेंट प्रयासों का परिणाम है।

दवे को मिलेगा देश का सर्वोच्च नाट्य सम्मान

उज्जैन। शहर के रंगमंच जगत के लिए अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि वरिष्ठ रंगकर्मी एवं प्रख्यात निर्देशक सतीश दवे को देश के प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड के लिए चयनित किए जाने की घोषणा की गई है। यह सम्मान प्रदर्शन कला के क्षेत्र में दिया जाने वाला सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान है, जो संगीत, नृत्य और नाटक के प्रख्यात कलाकारों को उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए दवे का चयन होना न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि उज्जैन और पूरे प्रदेश के रंगमंच के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। इस घोषणा से उज्जैन का समूचा रंगमंच परिवार उत्साहित और गौरवान्वित है। समस्त रंगकर्मियों, कला प्रेमियों एवं नागरिकों की ओर से सतीश दवे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

कल मनेगा श्रीनाथजी का दर्शन महोत्सव

उज्जैन। पुरुषोत्तम मास में ठाकुरजी की सेवा, मनोरथ और श्रृंगार दर्शन का विशेष महत्व है। इसी पावन श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए खंडेलवाल मित्र परिषद उज्जैन द्वारा कल 13 जून शनिवार को समाजजनों हेतु श्रीनाथजी का अलौकिक दर्शन महोत्सव का भव्य आयोजन मनोरमा गार्डन, हीरामिल रोड़ उज्जैन में किया जा रहा है। संस्था संरक्षक सत्यनारायण नाटानी, अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता के अनुसार के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या 7 बजे श्रीनाथजी की प्रतिमा के अलौकिक श्रृंगार एवं महाआरती से होगा। महोत्सव में भजन गायक द्वारिका मंत्री की भजन संध्या रहेगी। संस्था के महेश बड़ेरा, गोपाल पाटोदिया, सिद्धेश्वर दास, रूपेश बूसर व सहसचिव अजय जसोरिया सहित सभी पदाधिकारियों ने समस्त खंडेलवाल समाजजन से इस अलौकिक दर्शन महोत्सव में सपरिवार, इष्ट मित्रों सहित पधारकर पुण्यलाभ अर्जित करने की विनम्र अपील की है।

सतर्कता से वापस सुरक्षित लौटी बालिका

उज्जैन। सूनासान रास्ता और रात केअंधेरे में तेजी से हाथ में बैग लेकर जाती बालिका को घर लौट रहे एसआई ने देखा तो बालिका को रोक लिया। बालिका घर छोड़कर भाग रही थी। एसआई ने अनहोनी होने से पहले उसे वापस सुरक्षित परिवार के सुपुर्द कर दिया। घट्टिया थाना एसआई अलकेश डांगे मंगलवार-बुधवार रात 1 बजे ड्यूटी खत्म होने पर बाइक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान थाना परिसर ग्राउंड की ओर से तहसील कार्यालय तरफ फोरलेन की ओर हाथ में बैग लेकर अकेली बालिका अंधेरे में सुनसान रास्ते पर दिखाई दी। एसआई ने बाइक घुमाई और बालिका के पास पहुंचकर उसे रोक लिया। पुलिस देख बालिका घबराने लगी, एसआई ने संवेदनशीलता दिखाते हुए परिवार के संबंध में जानकारी मांगी। बालिका ने बमुश्किल पिता का नम्बर दिया। जो थाना भवन के पीछे कालोनी के रहने वाले थे। एसआई ने पिता को कॉल किया और बालिका के बारे में पूछा। पिता ने घर में होने की बात कहीं, एसआई ने थाने बुलाया। बालिका को थाने लाया गया। माता-पिता के आने पर उन्होंने बालिका को देखा तो हैरत में पड़ गये। बालिका से पूछताछ में सामने आया कि माता-पिता की डांट-फटकार से नाराज होकर बिना बताए घर से कहीं दूर जाने के लिये निकल गई थी। एसआई और पुलिस स्टॉफ ने बालिका के साथ परिजनों को समझाइश दी और बालिका को सुरक्षित घर भेज दिया। अगर बालिका और एसआई के आने-जाने में कुछ समय की देरी होती तो बालिका के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। बालिका 15 साल की होकर कक्षा 10 वीं की छात्रा थी।

फर्जी मालिक बनकर महिला ने बेची 11 बीघा जमीन

- उन्हेल पुलिस ने शिकायत पर किया महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज

उज्जैन। फर्जी तरीके से जमीन का मालिक बनकर महिला ने 11 बीघा का सौदा कर दिया और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रजिस्ट्री भी कर दी मामला उजागर होने पर पुलिस के पास पहुंचा महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर तलाश की जा रही है।

उन्हेल थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम नवादा में मानी बाई पति शैतानमाल नाम की महिला का कुछ माह पूर्व निधन हो गया था। जिसके नाम पर 11 बीघा से अधिक जमीन थी। मानीबाई के परिवार के सदस्य और रिश्तेदार दूर रहते है। ग्राम में उनकी जमीन ऐसे ही पड़ी थी जिसका फायदा उज्जैन की बड़ी मायापुरी में रहने वाली 60 वर्षीय महिला ने उठाया और खुद को जमीन का असली मालिक बातकर मानीबाई बनकर जमीन का सौदा ग्राम मकड़ावन में रहने वाली कविता दंडिग से कर दिया। फर्जी दस्तावेजों से कविता को रजिस्ट्री भी कर दी गई और लाखों रुपए ले लिया गए। कुछ दिन बाद कविता को अपने साथ धोखाधड़ी होने और जमीन दूसरी महिला के नाम पर होने का पता चला तो मामले की शिकायत पुलिस से की गई। जांच के बाद पुलिस ने मामले में तथाकथित मानीबाई के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। थाना प्रभारी संतोष चौहान के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और दस्तावेजों को देखा जा रहा है। तथाकथित महिला की गिरफ्तारी के लिए टीम उज्जैन भेजी जा सकती है। विदित हो कि कुछ दिन पहले ही माधवनगर थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दिलीप सिंह बनकर ग्राम रलायता में जमीन का सौदा 1.39 करोड रुपए में कर दिया था और बदले में 36 लख रुपए भी ले लिए थे। ग्राम मानपुर के ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर तथा कथित दिलीप सिंह और सौदा करने वाले दलाल मंगल सिंह को गिरफ्तार किया था जिसके विवेचना जारी है वहीं गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

कोर्ट नजीर के मकान का चोरों ने तोड़ा ताला

उज्जैन। कोर्ट नजीर के मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने चोरी को अंजाम दिया पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की है। बदमाशों को कुछ ज्यादा हाथ नहीं लग पाया सिर्फ नगदी चुरा कर ले गए हैं। खाचरौद थाना पुलिस ने बताया कि ऑफिसर कॉलोनी में रहने वाले जलील पिता करीम खान कोर्ट में नजीर हैं। बुधवार को वह कोर्ट गए हुए थे उनके घर पर ताला लगा हुआ था परिवार के सदस्य भी बाहर गए हुए हैं। उनके मकान का ताला तोड़कर पूरे घर की तलाशी ली कुछ हाथ नहीं लग पाया तो अलमारी में रखें 5 हजार रुपए नगद लेकर भाग निकले। कोर्ट नजीर द्वारा मामले की शिकायत दर्ज कराई गई है।

आयुक्त ने स्वयं उपस्थित रहकर तत्काल हटवाया अतिक्रमण

उज्जैन। सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टि गत रखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को के लिए विभिन्न मार्गों के चौड़ीकरणके साथ विकास कार्य निर्माणाधीन है निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा नियमित रूप से स्वयं कार्य स्थल पर पहुंचकर प्रचलित कार्यों की जानकारी प्राप्त की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को निगम आयुक्त द्वारा गुरुवार को सुबह हरीफाटक उन्नयन विकास कार्य के अंतर्गत ब्रिज के नीचे बारह खोली स्थल का निरीक्षण किया गया।

कबाड़ का व्यवसाय करते मिले आउटसोर्स

,नेरीक्षण के दौरान वार्ड क्रमांक 29 में हरिफाटक ब्रिज के नीचे मुज्जफर खान एवं सलमान द्वारा अवैध रूप से मुर्गी विक्रय एवं कबाड का व्यवसाय करते पाए गए। इस दौरान वहां पर कबाड विक्रय हेतु खड़े वाहन की जांच की गई। जिसमें पाया गया है उक्त कबाड निगम द्वारा संग्रहित किये जाने वाले कचरे में से निकाला गया है तथा मौके पर आउटसोर्स एजेंसी अन्तर्गत कार्यरत ड्रायवर एवं हेल्पर पाए गए।

आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा स्वयं स्थल पर उपस्थित रह कर अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से हटवाया गया साथ ही अवैध रूप से कबाड बेचने वाले दोनों आउटसोर्स कर्मचारियों एवं दुकान संचालक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही जिस वाहन से कबाड लाया गया था उसे भी जब्त किये जाने की कार्यवाही तत्काल की गई। कार्रवाई के दौरान उपायुक्त संजेश गुप्ता, स्वास्थ अधिकारी कालूराम सोलंकी, स्वास्थ निरीक्षक एवं निगम की रिमूवल गैंग कर्मचारी मौजूद रहे।

अनियमितता : पेट्रोल-डीजल राजसात

उज्जैन। अपर कलेक्टर अत्येन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा सहायक आपूर्ति अधिकारी, घट्टिया एवं नापतौल निरीक्षक द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत बोडाना पेट्रोलियम, बिछड़ौद, तहसील घट्टिया से ज़ब्तशुदा पेट्रोल, डीजल मूल्य 5 लाख रुपये को राजसात करने का आदेश दिया। सहायक आपूर्ति अधिकारी, घट्टिया एवं नापतौल निरीक्षक द्वारा प्रो. बोडाना पेट्रोलियम, बिछड़ौद, तहसील घट्टिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान स्टॉक पंजी एवं भौतिक स्टॉक के मिलान में पेट्रोल 1,139 लीटर कम तथा डीजल 911 लीटर अधिक पाया गया, जो कि निर्धारित सीमा से अधिक था। निरीक्षण के समय नि:शुल्क हवा की सुविधा उपलब्ध नहीं थी तथा ऑटोमेशन मशीन भी बंद पाई गई। अनियमितता पाए जाने पर 4,789 लीटर पेट्रोल एवं 17,178 लीटर डीजल जब्त किया गया। प्रकरण के परीक्षण उपरांत संबंधित पेट्रोल पंप संचालक को मोटर स्पिरिट एवं हाईस्पीड डीजल (आपूर्ति, वितरण का विनियमन और कदाचारों की रोकथाम) आदेश, 2005 की कंडिका 3(1) एवं 3(3)ख) के उल्लंघन का दोषी पाया गया। राजसात सामग्री के विक्रय से प्राप्त राशि शासकीय मद में जमा कराई जाएगी।

योग है तो दवाइयां मुक्त है जीवन

उज्जैन। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर आरोग्य भारती मालवा प्रांत द्वारा उज्जैन महानगर और ग्रामीण क्षेत्रों में योग सप्ताह मनाया जाएगा। संस्था का मानना है कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार है। इसी दृष्टिकोण के साथ पूरे सप्ताह आयोजन किए जाएंगे, ताकि योग है तो दवाइयां मुक्त है जीवन का संदेश जन-जन तक पहुंच सके। आरोग्य भारती उज्जैन महानगर अध्यक्ष डॉ. महेंद्र पाटीदार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इन कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में महानगर सचिव मनीष अग्रवाल, डॉ. दीपक जोशी, डॉ. नरेंद्र गोमैं, जगदीश चंद्र भाटी, कोषाध्यक्ष सुभाष गोआ, महेश धनेलिया, राजेंद्र बारूपाल, डॉ. रमाकांत मिश्रा, मिथिलेश शर्मा और आलोक खरे उपस्थित रहे।

एक नजर में — प्रशासक ने सुपरवाइजर हटा दिया था, युवक बोला-मुझे वीआईपी एंट्री मिली

महाकाल आए पुष्पा का नया वीडियो, कर्मचारियों की गलती नहीं

उज्जैन। महाकाल मंदिर में फिल्म पुष्पा की स्टाइल में सजधज कर प्रवेश करने वाले इंदौर युवक ने अब सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो जारी किया है जिसमें वह कह रहा है कि इस मामले में मंदिर समिति के कर्मचारियों की कोई गलती नहीं रही है। उसे तो वीआईपी ऐंट्री मिली थी।

उल्लेखनीय है कि उक्त युवक मंदिर में साड़ी-ब्लाऊज व चूड़ी पहनकर दर्शन करने आया था जिसकी उसने रील भी बनवाई थी और उसे सोशल मीडिया पर वायरल भी किया था। इसके बाद से मामले को लेकर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं।

मंदिर प्रशासक ने मामले में सुपरवाइजर को नौकरी से हटाने के आदेश दिए थे। अब युवक कह रहा कि इसमें कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाए क्योंकि उसे तो वीआईपी ऐंट्री मिली थी।

कथा मृत्यु को महोत्सव बना देती है : पं .गौतम

पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री चारभुजा मंदिर अंवतिपुरा उज्जैन में क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज अवंतीपुरा के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित अर्जुन गौतम ने भक्तों से कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण व्यक्ति की मृत्यु को महोत्सव बना देती है। कथा में राजा परीक्षित द्वारा श्रीमद् भागवत श्रवण, सृष्टि की उत्पत्ति एवं सती चरित्र का वर्णन भी किया गया। यह जानकारी देते हुए कुमावत समाज महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संगीता दौराया ने बताया शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कथा में आरती के पूर्व चारभुजा मंदिर के पुजारी नरेंद्र बैरागी का महंत बनने पर क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। कथा प्रतिदिन प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक की जा रही है।